अब के वर्ष बाबा बर्फानी

अब के वर्ष बाबा बर्फानी अमर नाथ बुलवाना,
बाबा तेरी पावन गुफा का मुझको दर्शन पाना,
अब के वर्ष बाबा बर्फानी अमर नाथ बुलवाना,

बीते कितने वर्ष जीवन के कितना जीवन बाकी है,
मैं क्या जानू तू सब जाने कितनी सांसे बाकी है,
जितने मेरे सांस बचे है अपना नाम जपाना,
बाबा तेरी पावन गुफा का मुझको दर्शन पाना,
अब के वर्ष बाबा बर्फानी अमर नाथ बुलवाना,

जन्म मरण का बंधन कट ता अमर नाथ में आने से,
कष्ट कलेश सुना है कटता गुफा के दर्शन पाने से,
मैं भटका हु दर दर भोले रस्ता मुझे दिखाना,
बाबा तेरी पावन गुफा का मुझको दर्शन पाना,
अब के वर्ष बाबा बर्फानी अमर नाथ बुलवाना,

इक दर्शन की आस है भोले अमरनाथ मैं आया हु,
मुझे से भली चरण रज तेरी उस माटी में मिल जाय हु,
मैं कमला हु भोले मेरा मुझे छोड़ न जाना,
बाबा तेरी पावन गुफा का मुझको दर्शन पाना,
अब के वर्ष बाबा बर्फानी अमर नाथ बुलवाना,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14847/title/ab-ke-varsh-baba-barfaani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |